## खबर संक्षेप




रोशन लाल गुप्ता व शीशपाल गुप्ता।

### रोशन बने संरक्षक और शीशपाल चीफ एडवाइजर

**तरावड़ी।** तरावड़ी राइस मिलर्स एंड डीलर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सहमति से उद्योगपति रोशन लाल गुप्ता को संरक्षक व शीशपाल गुप्ता को चीफ एडवाइजर नियुक्त किया। रोशन लाल गुप्ता पहले चार सालों तक इस एसोसिएशन के प्रधान भी रह चुके हैं। शीशपाल गुप्ता ने अपनी इस नियुक्ति पर एसोसिएशन के प्रधान नरेश बंसल व सभी राइस मिलर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महासचिव राकेश हंस, तिलक राज मक्कड़, नरेश गर्ग, लखविंद्र मक्कड़ व सुशील कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बच्चों और युवाओं को मिले अधिकारों की जानकारी

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में वीरवार को नई दिशा नई उड़ान अभियान के तहत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला के विभिन्न स्कूलों और शेल्टर होम में जागरूकता शिविरों के साथ योगा सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना है।

### सीपीआई का महाधिवेशन 21 सितंबर से

**करनाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का महाधिवेशन 21 से 25 सितंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित होगा। पहले दिन मोहाली में विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें हरियाणा से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। करनाल स्थित पार्टी कार्यालय में हुई मीटिंग में जिला सचिव जिले सिंह पाल ने बताया कि महाधिवेशन में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी।

## कक्षा 9 से 12 की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया नृत्य का हुनर

# सांस्कृतिक महोत्सव में एकल और समूह नृत्य में छात्राओं ने बिखेरी अद्भूत छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

**छात्राओं की प्रस्तुतियां देखकर सभी हुए हैरान**

खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला इंद्री में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी की अध्यक्षता व प्रिंसिपल वीना गुप्ता की देखरेख में आयोजित किया गया । मंच का संचालन पूनम चहल ने किया । इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ गुरनाम सिंह मंढान, वंदना चावला विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि संस्कृति के बिना इंसान के जीवन का कोई मोल नहीं है। उन्होंने कहा की संस्कृति हमारी हजारों साल की जीवन शैली, रीति रिवाज, रहन-सहन और विश्वासों की झलक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान को समझने के लिए अतीत में झांकना पड़ता है और अतीत हमारी संस्कृति तथा परंपरा से परिचय करता है। उन्होंने बच्चों के माध्यम से पेश प्रस्तुतियों की सराहना की । खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव की प्रतियोगिताओं में कक्षा 5 से 8 में समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक स्कूल गौरगढ़ ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ड़बकोली कलां ने द्वितीय एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### समूह नृत्य में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने पाया प्रथम स्थान




इंद्री। खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव मे प्रस्तुति देती छात्राएं।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में छाए विद्यार्थी

रागिनी में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी मानसिंह ने द्वितीय। स्किट प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम, राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ड़बकोली कलां ने द्वितीय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला खानपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे विजेता

एकल नृत्य में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ़ ने तृतीय तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय गौरगढ़ ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

### संस्कृति के बिना इंसान के जीवन का कोई मोल नही : धर्मपाल चौधरी

**ये विद्यालय भी रहे अव्वल**

*कक्षा 9 से 12 की प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाट्टान ने द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ़ ने तृतीय एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने ड़बकोली कलां ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नृत्य में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बयाना ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ़ ने द्वितीय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी मानसिंह ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। रागिनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बयाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्किट प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री ने प्रथम एवं गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बयाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंच का संचालन पूनम चहल ने किया । इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ गुरनाम सिंह मंढान, वंदना चावला विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आयोजन मे बीआरपी रविंद्र शिल्पी, धर्मेंद्र चौधरी,अरुण कुमार, धर्मवीर लठवाल, महिंद्र कुमार, सुनील दत्त, एबीआरसी नीतू कंबोज, अनिल आर्य, पूजा, रजत शर्मा, सुखविंदर कंबोज, युगल किशोर,निशा, ललतेश व मोनिका का योगदान रहा ।*

## मात्र 25 साल की उम्र में देश पर न्योछावर हुए ढींगरा : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अमर शहीद मदनलाल ढींगरा की जयंती पर आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में नए बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि मदनलाल ढींगरा के क्रांतिकारी विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी देशभक्ति और स्वतंत्रता की लौ को बुझने नहीं देना चाहिए। ।विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि ढींगरा को बचपन से ही क्रांतिकारी विचारधारा से लगाव था। इसी कारण उन्हें लाहौर के विद्यालय से निकाल दिया गया और परिवार ने भी उनसे संबंध तोड़ लिए। इसके बाद उन्होंने मजदूरी, तांगा चालक और लिपिक तक का कार्य किया। एक फैक्ट्री में मजदूर रहते हुए उन्होंने श्रमिक यूनियन बनाने का प्रयास किया, लेकिन अंग्रेजों ने उन्हें वहां से भी निकाल दिया। इतिहास में 17 अगस्त 1909 वह तारीख है जब मात्र 25 वर्ष की आयु में मदनलाल ढींगरा ने फांसी के फंदे को गले लगाकर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन को नई ऊर्जा दी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर केश कला बोर्ड चेयरमैन यशपाल ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, भाजपा जिला कार्यालय प्रमुख मदन गुर्जर, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, पार्षद संकल्प भंडारी, मोनिक गर्ग, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, मोहन लोधी, गौरव खुराना, वरिष्ठ

## अवैध खनन को लेकर सीटीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

बैठक की अध्यक्षता सीटीएम मोनिका शर्मा ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। अधिकारियों की बैठक लेतीं सीटीएम मोनिका शर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता सीटीएम मोनिका शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनके वाहन जब्त किए जाएंगे। सीटीएम ने खनन विभाग और पुलिस अधिकारियों को कहा कि सभी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से पंचायत की जमीन से जुड़े खनन मामलों को गंभीरता से लिया जाए और संबंधित अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया जाए। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिया कि दोषियों पर जुर्माना लगाकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी जाए। बैठक में जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, डीडीपीओ कंचनलता, डीएसपी राजीव कुमार, आरटीए विजय देशवाल आदि रहे।

### गायक इशान का '2 थंग्ज' रिलीज

**करनाल।** कैनेडा स्थित गायक और गीतकार इशान ने अपना नया धमाकेदार गीत "2 थंग्ज़" रिलीज़ किया है। इस गाने को फ्लेक्स एंथम कहा जा रहा है, जो अहंकार को तोड़ते हुए आत्मविश्वास और वफादारी का संदेश देता है। इशान ने कहा कि यह गीत उनके लिए बेहद व्यक्तिगत है क्योंकि एक कलाकार को अपनी सच्चाई पहचाननी पड़ती है और गर्व एवं विनम्रता के बीच संतुलन बनाना आवश्यक होता है। गाने की बीट्स और ऊर्जावान म्यूज़िक इसे लेट-नाइट प्लेलिस्ट का परफेक्ट ट्रैक बनाते हैं। इसमें सच्ची दोस्ती, वफादारी और आत्मविश्वास की ताकत को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इशान को उम्मीद है कि यह गाना युवाओं को प्रेरणा देगा।

## एचएसवीपी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, दो माह का वेतन बकाया

सफाई कर्मचारी पिछले 65 दिनों से धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कच्चे सफाई कर्मचारी।

एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कच्चे सफाई कर्मचारी पिछले 65 दिनों से धरने पर बैठे हैं। गुरुवार को कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने दो महीने का वेतन नहीं दिया और फिर उन्हें काम से हटा दिया। इसके अलावा ईपीएफ और ईएसआई में भी योगदान जमा नहीं किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व गुरविंद्र और सुलतान ने किया। सर्व कर्मचारी संघ और नगरपालिका कर्मचारी संघ सहित विभिन्न संगठनों ने भी समर्थन दिया। दोपहर बाद कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता एसडीएम से हुई, जिन्होंने समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सुशील गुर्जर और सेवाराम बड़सर ने कहा कि यदि कर्मचारियों को वेतनं और नौकरी वापस नहीं दी गई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर राजपाल, रंगलाल संधू, जगमाल सिंह, भाग सिंह, राजकुमार, राजिंद्र, बलराज सिंह, रोशनलाल गुप्ता, कृष्ण शर्मा, सतपाल सैनी, ओपी माटा, दीपक, सुभाष, लाभ सिंह आर्य, रोहताश, सीता, रानी, बबली, बबीता सहित कई लोग मौजूद रहे।



इंद्री। इंद्री अनाज मंडी मे मीटिंग करते कार्यकारिणी सदस्य।

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 22 सितंबर को

**इंद्री।** महाराजा अग्रसेन सभा कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग अनाज मंडी इंद्री में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सभा प्रधान पवन सिंगला ने की । जिसमे 40वां महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह पहले नवरात्रे के दिन 22 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया गया । सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में सुबह नौ बजे हवन यज्ञ से होगा। हवन यज्ञ में यजमान समाजसेवी वासु गोयल रहेंगे। कार्यक्रम मे दस बजे संजीव कुमार गोयल ध्वजारोहण करेंगे। शाम को कार्यक्रम मेहता फॉर्म इंद्री में होगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष बंसल करेंगे, मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी कैलाश चंद गुप्ता और अतिविशिष्ट अतिथि इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप होंगे । सात बजे माल्यार्पण व ज्योति प्रचंड का कार्यक्रम होगा। सात बजकर पन्द्रह मिनट से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का कार्यक्रम होगा। मीटिंग में मुख्य रूप से जयप्रकाश बंसल, निशपाल गर्ग, राधेश्याम गर्ग, जगदीश गोयल, मदनलाल, राजीव, बृजमोहन, विशाल, नीरज मंगला आदि रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया हेल्थ कैंप का शुभारंभ

- शिविर में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की और सीएचसी परिसर में पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

सेवा पखवाड़े में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गुरुवार को घरौंडा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की और सीएचसी परिसर में पौधारोपण किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर कुछ टीबी मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें नियमित रूप से दवाई और अच्छा आहार लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो उन्हें बताना। विधानसभा अध्यक्ष ने सांकेतिक रूप से तीन मरीजों को पोषण किट वितरित की। आज 15 मरीजों को ये किट बांटी गई, इनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल हुई। उप सिविल सर्जन डा. सिमी ने संपन्न लोगों से अपील की कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीबी मरीजों को गोद (एडाप्ट) लें। शिविरों में स्त्री रोग, ईएनटी, चर्म रोग, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। रोगियों को शिविर में निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, सब-सेंटर आदि पर रोजाना 200 पौधे भी लगा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन शिविरों का फायदा उठाने की अपील की है। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, पूर्व चेयरमैन निर्मल बैरागी एसएमओ मुनेष गोयल आदि मौजूद रहे।

**होंगे कार्यक्रम**

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत पूरा पखवाड़ा ऐसे शिविर अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। 19 अक्तूबर को सीएचसी पाढ़ा, 20 को असंध के सरकारी अस्पताल, 24 को सीएचसी निगदू, 25 को बला, 26 को तरावड़ी में शिविर लगाए जाएंगे।



### डीएवी महिला कालेज में निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस और महिला एवं बाल कल्याण उप समिति सीजीसी करनाल के संयुक्त तत्वावधान में विस्तृत वक्तव्य, निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. सोनम गर्ग सचदेवा (प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, फर्टिलिटी सेंटर, करनाल) ने छात्राओं को कैंसर जागरूकता, एचआईवी, एनीमिया, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम और रक्तदान जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस हर साल स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित करते हैं। प्रतियोगिता में सुजल (प्रथम), अंशिका (द्वितीय), अकाल जोत कौर (तृतीय) रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी शर्मा (प्रथम), सुखमनप्रीत (द्वितीय), प्रीति (तृतीय) स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में सुजाता गुप्ता, प्रतिभा बंसल, डॉ. पूनम कुंडू, डॉ. सुनीता, डॉ. दीप्ति शर्मा और डॉ. रेणु बालियान का विशेष योगदान रहा।

### तरावड़ी मे 22 को मनाई जायेगी अग्रसेन जयंती

**तरावड़ी।** पूरे देश में अग्रसेन जयंती नवरात्रि के प्रथम दिवस पर पूरे देश में इसलिए मनाई जाती है क्योंकि इसी दिन महाराजा अग्रसेन का जन्म हुआ था। महाराजा अग्रसेन महावीर महाकाव्य युग में द्वापर युग के अंतिम चरण के दौरान पैदा हुए सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे तथा भगवान कृष्ण के क्षम कालीन थे। वह सूर्यवंशी राजा मांधाता के वंशज थे। अग्रसेन ने राजा नागराज कुमुद की बेटी माधवी के स्वयंवर में भाग लिया। हालांकि इन्द्र देवता भी माधवी से शादी करना चाहते थे लेकिन स्वयंवर में माधवी ने अपने पति के रूप में अग्रसेन को चुन लिया। उस समय इंद्र देवता ने अग्रसेन से बदला लेने का मन बना लिया पर राजा अग्रसेन ने हार नहीं मानी पर बाद में सभा के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज के उत्थान के लिए महाराजा अग्रसेन ने महालक्ष्मी की पूजा करके उनको प्रसन्न किया था और उनकी इस तपस्या के कारण ही हमारे समाज पर महालक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है। पूरे देश में 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा को किया नमन

- मदनलाल ढींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को हुआ था, वे सच्चे स्वतंत्रता सेनानी थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नरसिंह दास विद्यालय में भारत की आजादी की लड़ाई में समर्पित क्रांतिकारी मदन लाल जी के जन्म दिवस पर उन्हें याद किया गया। मदनलाल ढींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को हुआ था। वे एक भारतीय क्रांतिकारी तथा स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिताजी एक डॉक्टर थे। मदनलाल ढींगरा ने उच्च शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में प्रवेश लिया था। लंदन में रहते हुए उनकी मुलाकात इंडिया हाउस में क्रांतिकारी साथियों से हुई। जहां उन्होंने देश की आजादी की योजनाएं बनाई। उन्होंने लंदन में भारत के सचिव के राजनीतिक सहयोगी सर विलियम हट कर्जन वायली पर एक समारोह में गोलियां चला दी। जिससे कर्जन वायली की मौके पर ही मौत हो गई । इस घटना के बाद उन्हें फांसी दे दी गई। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने कहा कि मदनलाल ढींगरा को भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में उनके शौर्य तथा बलिदान को याद किया जाता है। उन्होंने भारतीय युवाओं के दिलों में आजादी की भावना को जागृत किया।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ भव्य कीर्तन

**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल, श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट और शहरी मंडल भाजपा करनाल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ। भजन गायक अभिषेक शर्मा और अमित केशव ने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। "काली कमली वाला मेरा यार है" और "मतलब की इस दुनिया से मुझको नफरत है, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर को संस्था की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा हारे का सहारा हैं और मोदी जी के नेतृत्व में देश ने दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस अवसर पर अजय सैनी, मोहन लोधी, पंकिल गोयल, दीपक गोयल, सीए विपुल गोयल, प्रियंका भारद्वाज सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। मंडल की ओर से बताया गया कि अब तक 133 कीर्तन आयोजित हो चुके हैं।

## मद्रासी मसाला डोसा पर 10 हजार का जुर्माना

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की सख्ती

## टीम ने 14 चालान काटकर वसूले 20,500 रुपये

- प्रशासन की छापेमारी से दुकानदारों में मचा रहा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 तथा सेवा पखवाड़ा के तहत नगर निगम ने शहर को पूरी तरह सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में निगम की सेनिटेशन टीमों ने गुरुवार को कर्ण कैनाल रोड व मेरठ रोड क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान दुकानों, ढाबों व शराब ठेकों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर कुल 14 चालान किए गए और 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्ण कैनाल रोड पर कार्रवाई के दौरान मद्रासी मसाला डोसा रेस्टॉरेंट में लगभग 2 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद हुआ। इसके चलते प्रतिष्ठान पर 10 हजार रुपये का चालान किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम लगातार नागरिकों को जागरूक कर रही है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है। बावजूद इसके कुछ लोग मुनाफे के लालच में नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि करनाल में किसी भी ठोक विक्रेता, दुकानदार, ढाबा, होटल, रेस्टॉरेंट या रेहड़ी-फड़ी पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है। ऐसे मामलों में प्लास्टिक जब्त कर नियमानुसार चालान किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक वीणा गुप्ता, प्रबंधक शीतल, प्रधानाचार्या तनुजा सचदेवा, उप प्रधानाचार्य सागर, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, सीटीएल अजय कुमार आदि रहे।



करनाल। कार्रवाई करती प्रशासन की टीम। फोटो : हरिभूमि

**किया निरीक्षण**

फूसगढ़ रोड स्थित वी.एम.एम.यू. जैन पब्लिक स्कूल को नगर निगम ने जीरो वेस्ट विद्यालय घोषित किया है। निगम आयुक्त ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम व सिटी टीम लीडर ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पांच प्रकार के डस्टबिन, कचरा पृथक्करण व कम्पोस्ट पिट की व्यवस्था देखी गई। निरीक्षण में यह पाया गया कि विद्यालय ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल से सामान चोरी, केस दर्ज

**समालखा।** समालखा के नरायणा फाटक स्थित वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी, सिलेंडर, एलईडी और डीवीआर आदि सामान चोरी कर लिया। स्कूल प्रिंसिपल नानू सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और लैंगिग समानता को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम द्वारा बराना गांव के सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी इंस्पेक्टर किरण द्वारा विद्यार्थियों को लिंग संवेदनशीलता एवं साइबर क्राइम के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### जानलेवा हमला करने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सींक गांव में घर में घूसकर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में दो आरोपियों सींक गांव निवासी रोहित उर्फ गोलू व राहुल उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस मामले में उरलाना कला चौकी में सींक गांव निवासी बिजेंद्र पुत्र तेजबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### खेल महाकुंभ 24 से 26 सितंबर तक

**पानीपत।** जिला खेल अधिकारी डीएस हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि कि राज्य स्तरीय सेवा महोत्सव (विद्यार्थियों हेतु) के होगी। महोत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं 24 से 26 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि खेलों के सफल आयोजन के लिए तैयारियां की जा रही है। वहीं, इस आयोजन में खो खो और तलवारबाजी के आकर्षण मुकाबले होंगे।

### विशेष रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

**पानीपत।** जिला रोजगार विभाग द्वारा गुरुवार को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में विशेष रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुबह से दोपहर तक विभिन्न निजी कंपनियों ने भाग लिया। शिविर में कुल 420 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 200 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने दी।

### इग्नू में दाखिले 30 तक

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू ने जुलाई सत्र के लिए दाखिले की अंतिम तिथि को 15 सितंबर से बढ़ाकर अब 30 सितंबर कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो किसी कारणवश किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला नहीं ले पाए हैं।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर आमजन के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहे हैं। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को मौके पर ही सुना और हल किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के निर्देशानुसार जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

### किसानों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नोहरा में गुरुवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक (कृषि) डॉ. आत्मा राम गोदारा ने की। यह पखवाड़ा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन, बागवानी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है। वहीं, कार्यक्रम में किसानों को नवीनतम कृषि पद्धतियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

---

#### मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# 56 गांवों के सरपंच उत्तर प्रदेश रवाना 21 महिला और 35 पुरुष शामिल

**प्रतिभागियों को मथुरा और आगरा की ग्राम पंचायतों द्वारा शुरू की गई विभिन्न नवाचारी पहलों से रूबरू कराया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार, सरपंचों को उत्तर प्रदेश के लिए रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के जिले के कुल 56 सरपंच जिनमें 21 महिला और 35 पुरुष शामिल हैं, ये सभी उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा के लिए रवाना हुए। इन सभी को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हरी झंडी दिखाकर लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह से गुरुवार को रवाना किया।

मंत्री पंवार ने बताया कि यह एक्सपोजर विजिट 18 से 22 सितम्बर तक आयोजित होगी, जिसका संचालन पॉजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग पीवीटी लिमिटेड, गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। प्रतिभागियों को मथुरा और आगरा की ग्राम पंचायतों द्वारा शुरू की गई विभिन्न नवाचारी पहलों से रूबरू कराया जाएगा, ताकि वे इन अच्छी प्रथाओं को हरियाणा की पंचायतों में लागू कर सकें। पंवार ने बताया कि इन सभी के साथ 6 महिला और 6 पुरुष अधिकारी भी नामित किए गए हैं जो आधिकारिक तौर पर उनके साथ कार्यशैलियों का जायजा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट,महिलाओं के लिए बनाए गए विशेष अस्पताल, स्वयं सहायता समूह के लिए बनाए गए बाजार,पार्क विद आउटडोर जिम, अमृत सरोवर, जलापूर्ति, स्थानीय महिलाओं के लिए सि ला ई सेंटर, वॉटर टैंक, वृद्धों के लिए ओल्ड एज होम, इत्यादि की जानकारी लेंगे।

- सभी के साथ 6 महिला और 6 पुरुष अधिकारी भी नामित किए गए

---

# डाकखाने की सेवाओं ने जीवन को आसान बनाया : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में डाक विभाग द्वारा महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने के बारे में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि और वक्ता सुरेश कुमार हेड पोस्ट मास्टर पानीपत रहे और डाकखाने द्वारा आमजन को प्रदान करने वाली आर्थिक, जीवन-बीमा व पोस्टल आदि से जुडी विस्तृत जानकारी दी। उनके साथ विशिष्ट गीता कश्यप असिस्टेंट पोस्ट मास्टर और साक्षी कपूर पोस्टल असिस्टेंट ने कार्यक्रम में शिरकत की। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम, डॉ.रवि कुमार और डॉ.प्रियंका ने पौधा-रोपित गमले भेंट करके किया। डॉ.एसके वर्मा और डॉ. राहुल जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ.दीपा ने किया। सुरेश कुमार राठौर ने कहा कि डाकखाने में कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की जाती हैं जो हमारे दैनिक जीवन में बहुत उपयोगी होती हैं। इन सेवाओं का लाभ उठाकर हम अपने कामों को आसानी से और जल्दी पूरा कर सकते हैं। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि पोस्ट ऑफिस का इतिहास बहुत पुराना है और इसका विकास समय के साथ हुआ है। डाकखाने की सेवाओं ने जीवन को आसान बनाया।



पानीपत। एसडी कॉलेज में पानीपत के हेड पोस्ट मास्टर सुरेश कुमार को स्मृति चिंह भेंट करते हुए डॉ. राहुल जैन। फोटो :हरिभूमि

- कमेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ .अनुपम अरोड़ा ने पौधा-रोपित गमले भेंट करके किया

---

## ताऊ देवीलाल की याद में रैली ऐतिहासिक होगी : राजेश

**समालखा।** इनेलो के समालखा हलका प्रधान राजेश झट्टीपुर ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस पर 25 सिंतबर को रोहतक में होने वाली सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें लाखों की संख्या कार्यकर्ता रोहतक पहुंचकर ताऊ देवीलाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। राजेश झट्टीपुर ने पसीना, बिहोली, मालपुर गढ़ी छाजू, जौरासी, आटा, डिकाडला आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों व किसानों को रैली का न्यौता दिया। इधर, राजेश झटीपुर ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग की सेवा की और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वहीं, इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, बीसी सैल के अध्यक्ष सुरेन्द्र बैरागी, संदीप डिकाडला, महासचिव गुलशन पहलवान आदि पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी राजेश झट्टीपुर के साथ इनेलो की रैली का प्रचार प्रसार किया।



समालखा। इनेलो के समालखा हलका प्रधान राजेश झट्टीपुर, किसानों को रैली का न्यौता देते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# देश के विकास में बाधा है भ्रष्टाचार: प्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ आईओसीएल के अधिकारी व विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग व इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) के संयुक्त तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के चलते एलोक्यूशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक, आईओसीएल से गौतम प्रिया (सीजीएम) विजिलेंस, मोहम्मद अरशद हुसैन (डीजीएम) विजिलेंस, संदीप गोयल (सीएम) एम्प्लॉई मैनेजमेंट सर्विसेज, चेतन कांबले (एसएम) विजिलेंस, भरत (एसएम) एम्प्लॉई मैनेजमेंट सर्विसेज, विजेंद्र कुमार मैनेजर एम्पलाई रिलेशन(एच.आर.), वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, प्रो. अजय पाल सिंह, प्रो. माधवी, डॉ. ज्योति एवं विभाग के सभी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना करके किया गया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने कहा कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम है सतर्कता हमारी सांझा जिम्मेदारी। छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जैसे ईमानदार व्यवहार,नियमों का पालन और शिकायत करने का साहस बड़े बदलाव ला सकते हैं। जबकि आइओसीएल से आए गौतम प्रिया ने अपने संबोधन में बताया कि सतर्कता केवल सरकारी विभागों या अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में ईमानदारी अपनाएं, भ्रष्टाचार का विरोध करें और गलत कार्यों की सूचना समय पर दें, तभी समाज में पारदर्शिता और न्याय कायम रह सकता है। स्पर्धा में भूमि, मानवी, सिमरन, मोहिनी, गनिशा विजेता रही।

- छोटे-छोटे प्रयास जैसे ईमानदार व्यवहार,नियमों का पालन और शिकायत करने का साहस बड़े बदलाव ला सकते हैं

---

# यातायात नियमों का पालन करना भी जन सेवा : राजेश

**पानीपत।** पुलिस ने सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सामाजिक और जन-हितैषी अभियानों की शुरुआत की है। इसी कड़ी में वीरवार को यातायात पुलिस द्वारा टोल प्लाजा पर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। बाबरपुर यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करन से वाहन चालक की स्वयं की जिंदगी भी सड़क पर सुरक्षित होती है और दूसरे वाहन चालक व इनमें सवार लोग भी सुरक्षित होते है। वहीं, सड़क पर यातायात नियमों का पालन करना भी जनता की सेवा करना ही है। उन्होंने प्रतिदिन सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सड़क पर जरा सी लापरवाही बरतने पर दुर्घटना घट जाती है। इसलिए हम सभी को हमेशा सड़कों पर यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए।



पानीपत। चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक पुलिस अफसर।

---

## न्यूज डायरी

### बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखें नागरिक

**पानीपत।** नागरिकों को लगातार बदल रहे मौसम में स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। मौसम के बदलाव से मानव शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ते है। वहीं, जनरल फिजिशियन डॉ. अंकित सैनी जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल मॉडल टाउन ने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव के चलते लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार, गले में दर्द और थकान जैसी बीमारियां हो रही है। डॉ सैनी ने जनता को सलाह दी कि वे रोग के लक्षण नजर आते ही तत्काल डॉक्टर से उपचार लें, लापरवाही के कारण रोग गंभीर हो सकता है और जान लेवा भी। वहीं, इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए ग्रीन टी, अदरक, हल्दी, तुलसी, और शहद को अपने आहार में शामिल करें।



### दिव्यांग छात्रों को मिली सहायता

**पानीपत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर लागू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि राज्य नोडल अधिकारी (दिव्यांगजन छात्रवृत्ति), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ के आदेशानुसार छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तय की है।

### क्विज में साक्षी विजेता

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के फिजिक्स डिपार्टमेंट ने बीएससी फिजिकल साइंसेज के छात्रों के लिए फिजिक्स क्विज प्रतियोगिता हुई। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने क्विज का शुभारंभ किया। वहीं क्विज में पहले स्थान पर साक्षी यादव साक्षी, दूसरे पर प्रिया, कीर्ती, खुशी नैंसी, स्वाती, तमन्ना की टीम, तीसरे स्थान पर मोहित, अशुंल यशवंत, रितेश की टीम रही।

### विकास की सौगात मिलेगी

**पानीपत।** सोनीपत जिला में 22 सितंबर को विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभाग के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश वासियों को देंगे। इनमें जिम, इनडोर स्टेडियम खेल, महिलाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र, स्टेडियम, फिरनी इत्यादियों का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह जानकारी विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दी।

### भजन संध्या आयोजित

**पानीपत।** श्री सायंकाल रामलीला लैय्या सभा वार्ड नंबर तीन द्वारा एक शाम रघुवर के नाम का आयोजन किया गया। श्री सायंकाल रामलीला लैय्या सभा का यह 75वां वार्षिक उत्सव है जो की अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री प्रेम मंदिर की अध्यक्षा कांता देवी जी महाराज और महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास जी महाराज संचालक जगन्नाथ धाम, हरिद्वार वाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। भजनों की प्रस्तुति राजीव शास्त्री दिल्ली वाले व पूनम व मीनाक्षी द्वारा की गई।

### किसान सभा का सम्मेलन हुआ

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी का छठा जिला सम्मेलन का. दयानंद शर्मा अहर यादगार हाल, का.प्रदीप नगर, क्रांतिकारी शिव वर्मा स्मारक भवन जीटी रोड गीता कॉलोनी पानीपत आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ.सुरेंद्र मलिक व दिलावर सिंह राठी ने की। संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण व सीताराम शर्मा ने किया। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य प्रधान मा. बलबीर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा का इतिहास देश की आजादी के आंदोलन से जुड़ा हुआ है।

### नैनो जंगल में 900 पौधे रोपे

**पानीपत।** पानीपत डायर्स एसोसिएशन 29 सेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया। जिसमें कूड़े के ढेर की जगह को साफ करके नैनो जंगल बनाया गया। जिसमें 900 पौधों का रोपण किया गया। इस जंगल को हरियाणा एनवायरमेंट मैनेजमेंट सोसायटी ने स्पोंसर किया। जिसके चेयरमैन भीम राणा हैं। इस पौधारोपण में सुमित मित्तल, मिशन ग्रीन पानीपत से संदीप जिंदल, हरिओम तायल, संजीव, राजपाल, रामप्रताप, अंकुर, भारत व विकास उपस्थित रहे।

### मोनिका को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** जैन किड्स विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका सहगल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक शिखर सम्मेलन के दौरान महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### श्रीराम हनुमान रामलीला समिति ने निकाली शोभायात्रा

**लाडवा।** शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 18 सितंबर से प्रारम्भ हो रहे रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी अत्यंत दर्शणीय रही। शोभा यात्रा का शुभारम्भ वार्ड 12 की पार्षद मधु सैनी ने भगवान राम की आरती कर व झंडी दिखा कर किया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने शोभा यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समिति द्वारा प्रारम्भ किए जा रहे रामलीला मंचन के निमंत्रण देने के उद्देश्य से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया ताकि पुरे क्षेत्र को इसकी जानकारी मिल सके।

---

# विद्यार्थियों ने विरासत पर बनाई मनमोहक पेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एचटीसी स्काईलार्क पानीपत में विरासत की हिफाजत कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल पानीपत के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कर्मवीर कादियान इंचार्ज स्काईलार्क ने बच्चों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रवि कुमार, चंचल, बलजीत सिंह, सुमित कुमार, भूपिंदर सिंह व मनोज कुमार मौजूद रहे। इधर, कर्मवीर कादियान ने विद्यार्थियों को विरासतों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आम जनता के सहयोग से ही विरासत की हिफाजत की जा सकती है।



पानीपत। विरासत की हिफाजत पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

---

# विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी

- नि :शुल्क विधिक सहायता के साधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उप प्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय की विधिक प्रकोष्ठ द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एडवोकेट नेहा गुप्ता ने शिरकत। एडवोकेट नेहा गुप्ता ने अपने वक्तव्य में छात्रों को सूचना का अधिकार, साइबर अपराध, दीवानी व आपराधिक मामले, वैवाहिक मुकदमे, महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराध, पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय बोर्ड और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संबंधित जानकारी तथा निःशुल्क विधिक सहायता के साधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।



पानीपत। आर्य कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह अथितियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### होमगार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

**पानीपत।** पानीपत के अर्जुन नगर निवासी होमगार्ड सुशील की संदिग्ध बीमारी के चलते वीरवार को सिविल अस्पताल में मौत हो गई। सुनील की पत्नी की मौत हो चुकी है और करीब छह माह से उसका पुत्र हिमांशु अपने मामा के यहा निवास कर रहा है। वहीं सुशील एक महिला के लिव-इन रिलेशन में रहता था। दूसरी ओर, सुनील के भतीजे महेंद्र ने आरोप लगाया कि सुनील की संपत्ति के लिए हत्या की गई है। सुनील जिस महिला के साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था वह जींद की निवासी है और उसका पति भी है। महिला सुशील की प्रॉपर्टी के लालच में महिला साथ रहती थी। 45 लाख रूपए सुशील के बैठक खाते में था, जिसमें से उसने 13 लाख का मकान लिया, बाकी की राशि का कोई सुराग नहीं है।

---

#### आर्य पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# कानून व्यवस्था सशक्त होने पर छात्राओं ने सुरक्षित माना

*छात्राओं को गुड टच, बैड टच, और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए डीएसपी नवीन सिंधू। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को अपराध के प्रति सतर्क रहने और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। वहीं, डीएसपी नवीन सिंधू ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराध रोकथाम को लेकर पानीपत पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते पुलिस अधिकारी, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल होती हैं, कॉलेजों और स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को जागरूक करते हैं। उन्होंने बताया कि आज भी छात्राओं को गुड टच, बैड टच, और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए। महिला थाना एसएचओ रेखा देवी ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को साइबर बुलिंग, डीपफेक और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खतरों से अवगत कराया गया। रेखा देवी ने बताया कि छात्राएं किसी भी साइबर अपराध की शिकायत तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करके दर्ज कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला थानों में अब महिलाएं बिना झिझक अपनी समस्याएं साझा करने आ रही हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिली है।

- छात्राओं को साइबर बुलिंग डीपफेक और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खतरों से अवगत करवाया

